# प्रेस नोट थाना बडहलगंज जनपद गोरखपुर दिनांक 08.09.2023

## धोखाधड़ी कर पैसे हड़प लेने के आरोप में 02 अभियुक्त गिरफ्तार, 16740 रुपया नगद बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने व आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी गोरखपुर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोला गोरखपुर के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर थाना बड़हलगंज के नेतृत्व में उ0नि0 घनश्याम सिंह यादव मय टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 651/2023 धारा 406/420/411 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त 1. बेचू राजभर पुत्र योगेंद्र राजभर निवासी खोड़ी पाकड़ थाना फेफना जनपद बलिया 2. रमायन कनौजिया पुत्र स्व0 सरल कनौजिया निवासी बेदूआ थाना कोतवाली जनपद बलिया को 16740 रुपया नगद ( दो गड्डी जिसमें बाहर की तरफ 500-500 के और बीच में 20-20 रुपये के नोट लगे हुये) के साथ गिरफ्तार किया गया, बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

वादी द्वारा बताया गया कि वह दिनांक 04.09.2023 को बड़हलगंज के कस्बा बाजार में गया हुआ था। उसके पास चालीस हजार रूपये थे। तीन अज्ञात व्यक्ति आये और पीली धातु दिखाकर बोले कि यह सोना है, कम पैसे में हम आपको सोना दे देंगे। तत्पश्चात उन्होने पीली धातु देकर मुझसे 40 हजार रूपये लिये। जब मैं उनके द्वारा दिये पीली धातु का सोना देख ही रहा था कि उन्होने रूपयों की दो गड्डी मेरे पास गिर दिया और जब मैं पैसे की तरफ देख रहा था कि वे लोग मुझे दिया हुआ पीली धातु का सोना भी लेकर चले गये। बाद में जब मैने गड्डी खोल कर देखा तो बाहर से पाँच सौ रुपये की नोट लगी हुई थी। उसके अन्दर दस-दस रुपये की नोट लगी हुयी थी।

अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि आज भी वे लोग लोगों को झांसे में लेकर टप्पेबाजी की घटना कारित करने के फिराक में थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -**

1. बेचू राजभर पुत्र योगेंद्र राजभर निवासी खोड़ी पाकड़ थाना फेफना जनपद बलिया
2. रमायन कनौजिया पुत्र स्व0 सरल कनौजिया निवासी बेदूआ थाना कोतवाली जनपद बलिया

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 651/2023 धारा 420,406,411 भादवि थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर

**बरामदगी-**

16740 रुपया नगद ( दो गड्डी जिसमें बाहर की तरफ 500-500 के और बीच में 20-20 रुपये के नोट लगे हुये)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 घनश्याम सिंह यादव थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर
2. कांस्टेबल बिमलेश यादव थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर
3. हेड कांस्टेबल वंश नारायण गौड थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर